प्रेस नोट दिनांक-22.02.2026
थाना आंवला जनपद बरेली।

थाना आंवला #bareillypolice द्वारा एक अभियुक्त को 1 कि0ग्रा0 अवैध अफीम एक मो0सा0 के साथ किया गया गिरफ्तार।

घटना का संक्षिप्त विवरण/परिचयः-

थानाआंवला, बरेली पुलिस द्वारा अभियुक्त मुनीश कुमार(उम्र- 24 वर्ष) पुत्र रोशनलाल नि०- ग्राम कुण्डरिया फैजुल्लापुर थाना अलीगंज, बरेली को 1 कि0ग्रा0 अवैध अफीम व एक अपाचे मो0सा0 नं0 UP 25 EJ 0892 के साथ गिरफ्तार किया गया, जिसके संबंध में थाना आंवाला, बरेली पर मु0अ0सं0 101/2026 धारा 8/18 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया।

सूचना, पुलिस टीम एवं कार्यवाही:-

दिनांक 21/22.02.26 की रात्रि में उ0नि0 श्री नरेन्द्र कुमार मय हमराह हे0कां0 190 जफरुद्दीन के साथ देखभाल क्षेत्र शान्ति व्यवस्था , रोकथाम जुर्म जरायम , चैकिंग सन्दिग्ध व्यक्ति वाहन व गस्त करते हुए बाजार ग्राम मऊचन्दपुर पहुंचे तो मुखबिर सूचना पर थाना आंवला, बरेली पुलिस द्वारा दबिश देकर घेरकर आवश्यक बल प्रयोग कर अभियुक्त मुनीश कुमार पुत्र रोशनलाल नि० ग्राम कुण्डरिया फैजुल्लापुर थाना अलीगंज, बरेली को 1 कि0ग्रा0 अवैध अफीम व एक मो0सा0 नं0 UP 25 EJ 0892 के साथ गिरफ्तार किया गया। जिसके संबंध में थाना आंवला, बरेली पर मु0अ0सं0 101/2026 धारा 8/18 एनडीपीएस एक्ट बनाम मुनीश कुमार उपरोक्त के विरुद्ध पंजीकृत किया गया। तथा मोटर साईकिल को अन्तर्गत धारा 207 एमबीएक्ट में सीज किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-

1. मुनीश कुमार (उम्र 24 वर्ष) पुत्र रोशनलाल नि० ग्राम कुण्डरिया फैजुल्लापुर थाना अलीगंज, बरेली।

बरामदगी का विवरणः-

1. एक कि0ग्रा0 अफीम
2. एक अपाचे मो0सा0 नं0 UP25 EJ 0892

पूछताछः-

अभियुक्त मुनीश कुमार ने पूछने पर बताया कि साहब यह अफीम मैंने कुछ दिन पहले एक व्यक्ति से खरीदी थी जिसका नाम पता मैं नहीं जानता हूँ अन्धेरा का फायदा उठाकर मैं बेचने के लिए जा रहा था तभी आपने पकड़ लिया । साहब गलती हो गयी माफ कर दो ।

आपराधिक इतिहासः-

1. मु0अ0सं0 1490/25 धारा 8/18/60 एनडीपीएस एक्ट थाना बारादरी, बरेली।
2. मु0अ0सं0 101/2026 धारा 8/18 एनडीपीएस एक्ट थाना आंवला, बरेली।

गिरफ्तार करने वाले पुलिस टीम का विवरणः-

1. उ0नि0 श्री नरेन्द्र कमार, थाना आंवला जनपद बरेली।
2. हे0कां0 190 जफरुद्दीन, थाना आंवला जनपद बरेली।